# HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD

(Regd. Under Societies Registration Act, 1860)
Shiksha Sadan, 3rd& 4th Floor, Sector-5, Panchkula-134109


क्रमांकः SSA/Plg/ 25272 दिनांकः 03/11/2016

सेवा में,

प्राचार्य / मुख्याध्यापक,
सभी प्राइवेट एंव केंद्रीय विद्यालय, हरियाणा।

**विषयः** SDMIS-DCF **भरने बारे दिशा–निंदेश।**

भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों के स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों की 35 बिंदुओं पर सूचना एकत्रित करने बारे कहा है। भारत सरकार द्वारा Students Data Management Information System (SDMIS) Portal बनाया गया है। राज्य द्वारा सभी बच्चों की 35 बिंदुओं की सूचना SDMIS Portal पर दी जानी है। सूचना एकत्रित हो जाने पर शिक्षा सम्बंधित सभी योजनाओं को ठीक ढंग क्रियान्वित किया जा सकता है। इस कार्य हेतु भारत सरकार द्वारा 35 बिंदुओं पर सूचना एकत्रित करने बारे SDMIS Data Collection Format (SDMIS-DCF) in sync with U-DISE दिया गया है। SDMIS-DCF में सूचना भरने के पश्चात बच्चों से सम्बंधित सभी सूचनायें U-DISE में स्वयं ही भरी जा सकती है। SDMIS-DCF की सभी सूचनायें भारत सरकार के SDMIS Portal पर online की जानी है।

शिक्षा विभाग द्वारा MIS Portal पर सभी राजकीय स्कूलों से बच्चों की सूचना एकत्रित की गई है व कुछ प्राइवेट स्कूल भी MIS Portal पर सूचना भर चुके हैं। जिन प्राइवेट स्कूलों द्वारा MIS Portal पर बच्चों की सूचना नहीं दी गई है वे सभी स्कूल SDMIS-DCF में सूचना एकत्रित करनें के पश्चात स्वयं Excel sheet में टंकण (Data Entry) करेंगे । SDMIS-DCF मे सूचना भरने के सामान्य निर्देशः–

i) प्रपत्र में 30.09.2016 के अनुसार कक्षा 1 से 12 के सभी बच्चों की जानकारी भरी जानी है।

ii) स्कूल U-DISE Code, स्कूल का नाम, प्रपत्र भरने वाले अध्यापक/अध्यापिका का नाम व फोन न0 और शीट नम्बर अवश्य लिखें।

iii) सभी भरी हुई शीटों को छोटी कक्षा के क्रम से लगाएं। प्रत्येक कक्षा के सभी सैक्शन एक साथ लगें हो। प्रत्येक शीट में छात्र अनुक्रमांक (Roll No.) वही डालें जो कक्षा में बच्चों का अनुक्रमांक है। कुल भरी हुई शीटों की संख्या यदि 10 है तो प्रत्येक शीट पर एक तरफ 1/10, 2/10,.......,10/10 न0 डालें। प्रपत्र को आप English भाषा में भरें।

iv) स्कूल SDMIS- DCF में सभी बच्चों की सूचना भरें। www.hsspp.in या www.dise.in से Excel sheet डाउनलोड करने के पश्चात Hard copy से Excel sheet में Data entry की जानी है। सभी छात्रों की सूचना Excel sheet में दर्ज करने के पश्चात स्कूल सम्बंधित Cluster Head/ BEEO के कार्यालय को soft copy e-mail की जानी है। सभी BEEO कार्यालय का e-mail पता www.hsspp.in पर दिया गया है।

v) प्रत्येक वर्ष की भांति सभी प्राइवेट स्कूलों को अध्यापक विवरण तक का U-DISE DCF भरा हुआ व उसके बाद का खाली DCF दिया जाएगा। खाली भाग को ठीक से भरें तथा यह सुनिश्चित करें कि U-DISE DCF में भरी गई कक्षावार छात्र संख्या व SDMIS DCF में कक्षावार भरे कुल बच्चों की संख्या सभी प्रकार से समान होनी चाहिए। भरा हुआ U-DISE DCF, सम्बंधित BEEO कार्यालय में जमा करवाएं।

vi) जिन प्राइवेट स्कूलों में MIS Portal पर दिनांक 30.09.2016 के बाद बच्चों की सूचना दर्ज की है वे सभी स्कूल बिंदु न0 iv) में बताए गये तरीके से Excel sheet में सूचना भरकर BEEO कार्यालय में भेजेंगे।

vii) राजकीय स्कूलों को MIS Portal पर दी गई सूचनाओं के आधार पर U-DISE DCF का कुछ भाग भर कर दिया जाएगा। भरे हुये U-DISE DCF की सभी सूचनाओं को चैक करें। राजकीय स्कूलों द्वारा MIS Portal पर दी बच्चों की संख्या व U-DISE में भरे कुल बच्चों की संख्या समान होनी चाहिए। परिवर्तन होने पर MIS Portal पर सूचना ठीक करें।

viii) राजकीय प्राथमिक स्कूलों द्वारा MIS Portal पर पूर्व प्राथमिक (नर्सरी) कक्षा के बच्चों की सूचना नहीं दी गई है। जिन प्राथमिक स्कूलों में नर्सरी कक्षा में बच्चे पढ़ रहे हैं व सभी स्कूल SDMIS-DCF में नर्सरी कक्षा के बच्चों की सूचना भरेंगे व SDMIS-DCF को U-DISE के साथ BEEO कार्यालय में जमा करवाएंगे।

ix) DCF की सूचना को Student Data Management Information System (SDMIS) सॉफटवेयर में दर्ज करनें के लिए U-DISE Code का होना अनिवार्य है। यदि किसी प्राईवेट स्कूल को U-DISE Code प्राप्त नहीं किया है तो वह स्कूल पहले U-DISE Code सम्बंधित DPC SSA & RMSA कार्यालय से प्राप्त करें।

x) SDMIS-DCF भरनें बारे व SDMIS सॉफटवेयर में बच्चों की सूचना दर्ज करने बारे अन्य जानकारियां कार्यालय की वेबसाइट www.hsspp.in पर दी गई है।

xi) सभी स्कूलों का डाटा चैक करने के पश्चात कार्यालय द्वारा SDMIS-Portal पर online कर दिया जाएगा।

xii) SDMIS-DCF मे **Star(*)** लगे बिंदुओं में सूचना भरी जानी अति आवश्यक है। इन बिंदुओं में सूचना न भरी होने पर उन बच्चों की सूचना Portal पर online नहीं की जा सकेगी।

xiii) यह कार्य दिनांक 30.11.2016 तक पूर्ण किया जाना है।

➢ **SDMIS-DCF** के प्रत्येक बिन्दु को भरने बारे विशेष निर्देश (निर्देशों के क्रमाकं प्रपत्र के क्रमाकों के अनुसार है):–

प्रथम पंक्ति में 11 अंकों का U-DISE Code, स्कूल का नाम, कक्षा व कक्षा का सैक्शन भरें। साथ ही कक्षा वार छात्र सूचना भरने वाले अध्यापक/अध्यापिका का नाम व मोबाइल न0 भरें।

1. **Student's AADHAAR Number**: बच्चे के आधार कार्ड से 12 अंकीय आधार संख्या लिखें। यदि बच्चे को आधार नम्बर जारी नहीं किया गया है तो उस स्थिति में यहाँ कुछ न लिखें।
2. **Name of the student*(बच्चे का नाम)**:स्कूल रिकार्ड के अनुसार बच्चे का पूरा नाम लिखें।
3. **Father's Name*(पिता का नाम)**:स्कूल रिकार्ड के अनुसार पिता का पूरा नाम लिखें। यदि बच्चा अनाथ है तब अभिभावक का नाम लिखें।
4. **Mother's Name*(माता का नाम)**: स्कूल रिकार्ड के अनुसार माता का पूरा नाम लिखें।
5. **Date of Birth (DD/MM/YYYY)*:** स्कूल रिकार्ड के अनुसार बच्चे की जन्म तिथि दिन/महीना/वर्ष के फॉर्मेट में लिखें (जैसे 15/07/2008)।
6. **Gender* (बच्चे का लिंग):** लड़के का कोड–1 ,लड़की का कोड–2 व अन्य (others/Transgender) का कोड –3 लिखें।
7. **Social Category*(सामाजिक श्रेणी)**: बच्चे की जाति लिखें । विकल्प में उपलब्ध हैं – सामान्य (General) – 1, अनुसुचित जाति (SC) – 2, अ0 जन जाति (ST) – 3 और पिछड़ा वर्ग, BC (A & B) – 4।
8. **Religion*(बच्चे का धर्म)**:Hindu=0, Muslim=5, Christian=6, Sikh=7, Buddhist=8, Parsi=9, Jain=10, Others=11.बच्चे के धर्म का उचित कोड लिखें। यदि अभिभावक धर्म के बारे में जानकारी न देना चाहे तो खाली छोड़ दें ।
9. **Mother Tongue***(मातृभाषा):– निम्न में से मातृभाषा का उचित कोड भरें। Assamese=01, Bengali=02, Gujarati=03, **Hindi=04**, Kashmiri=06, Konkani=07, Marathi=10, Nepali=11, Oriya=12, **Punjabi=13**, Sanskrit=14, Sindhi =15, Tamil=16,Telugu=17,**Urdu=18, English=19**
10. **Name of Habitation or Locality(बस्ती/इलाका) (where student lives):** Habitation(बस्ती) का नाम केवल ग्रामीण क्षेत्र/Locality (इलाका)का नाम केवल शहरी क्षेत्र–बच्चे का निवास स्थान यदि गांव में हैं तो उस गांव का नाम लिखें। शहरी क्षेत्र के लिए– जहाँ पर बच्चे का निवास स्थान हैं उस जगह का नाम लिखें।
11. **Date of Admission* (दाखिला तिथि) (DD/MM/YYYY)***:स्कूल के रिकार्ड अनुसार बच्चे की वर्तमान स्कूल में दाखिले की तिथि लिखें । यह सूचना दाखिला खारिज रजिस्टर (Addmission withdrawal Register) में उपलब्ध है। दाखिला तिथि इस प्रारुप में लिखें – दिन/महीना/वर्ष (जैसे 03/04/2012) ।
12. **Admission Number*(दाखिला संख्या)**:स्कूल में प्रथम बार प्रवेश लेने पर प्रत्येक बच्चे को दाखिला खारिज रजिस्टर में दर्ज कर के एक विशिष्ट दाखिला संख्या दी जाती है। यह दाखिला संख्या है। स्कूल की एक कक्षा से दूसरी कक्षा में तरक्की (Promotion) होने पर नया दाखिला नहीं समझा जाये।
13. **Whether belong to BPL*(गरीबी रेखा से नीचे परिवार)*:** यदि बच्चा गरीबी रेखा से नीचे (BPL) परिवार से सम्बन्ध रखता है व BPL कार्ड बना हुआ है तो हां का कोड – 1, नहीं का कोड – 2 लिखें।
14. **Belong to Disadvantaged Group*(Yes=1, No=2)*(अलाभप्रद वर्ग)**:राज्य के बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2011 के तहत राज्य द्वारा A child of war widow, a HIV affected child, an Orphan (अनाथ), a child of a BPL family and a CWSN को अलाभप्रद ग्रुप में सूचित किया है। यदि बच्चा इन श्रेणियों से है तो कोड हां – 1, नहीं – 2 लिखें।
15. **Getting free education as per RTE Act. (for private schools only) /(Yes=1, No=2, Not Applicable=0):**प्राइवेट स्कूल में हरियाणा शिक्षा नियमावली 2003 की धारा 134-Aके तहत 10% meritorious weaker section के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाती है। क्या बच्चा वर्तमान सत्र में इस नियम के तहत निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहा है। यहां पर हां का कोड – 1, नहीं का कोड – 2 लिखें। प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर अन्य स्कूल **NA**=0भरें।

16. **Studying in Class*(1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12,0-Pre Primary):** वर्तमान शैक्षणिक वर्ष (2016-17) में बच्चा किस कक्षा में पढ़ रहा है उस कक्षा की संख्या लिखें। यदि बच्चा पहली कक्षा से नीचे की कक्षा में पढ़ रहा है तो कोड 0-Pre Primary लिखें अन्य कक्षा के लिए कक्षा की संख्या (1,2,3,4,5,6------12) लिखें।

17. **Class studied in the Previous Year*(1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 0- Pre Primary, None-99):**गत शैक्षणिक वर्ष (2015-16) में बच्चा किस कक्षा में पढ़ता था। सामान्यतः यह वर्तमान कक्षा मे पढनें से एक कक्षा कम होनी चाहिए। फेल हो कर दुबारा उसी कक्षा में पढ़ने पर वर्तमान कक्षा की संख्या भरें। यदि गत वर्ष में बच्चा प्रथम कक्षा से नीचे की कक्षा में पढ़ रहा था तो कोड 0-Pre Primary लिखें। RTE के तहत आयुनुसार उचित कक्षा में सीधे प्रवेश लिया है तो **None-99** भरें।

18. **If studying in class 1, Status of the previous year*:**यदि बच्चा वर्तमान शैक्षणिक वर्ष (2016-17) में कक्षा प्रथम में पढ़ रहा है तो बच्चे के बारे में गत वर्ष की सूचना उपलब्ध करवायें। यहाँ इस प्रश्न के लिए चार विकल्प उपलब्ध हैं।
    - a. यदि बच्चा उसी स्कूल की पूर्व प्राथमिक जैसे नर्सरी/एलकेजी/यूकेजी में पढ़ रहा था तो कोड– 1
    - b. यदि बच्चा दूसरे स्कूल की पूर्व प्राथमिक जैसे नर्सरी/एलकेजी/यूकेजी में पढ़ रहा था तो कोड– 2
    - c. यदि बच्चा आंगनवाडी/बालवाड़ी केन्द्र में पढ़ रहा था तो कोड –3
    - d. उपरोक्त में से कोई नही (यदि बच्चा घर से सीधा स्कूल आया है) तो कोड –4
    - e. अन्य कक्षा के बच्चों के लिए लागू नहीं कोड = 0 भरें।

19. **No. of days child attended school (in the previous year 2015-16):**गत शैक्षणिक वर्ष (1.04.2015 to 31.03.2016)में बच्चा स्कूल में कुल कितने दिन उपस्थित रहा। दिनों की सख्या जोड कर भरें।यदि बच्चा किसी अन्य स्कूल से आया है इस कारण स्कूल को गत–वर्ष उपस्थित दिनों की संख्या का पता नहीं चल रहा तो 0 भरें या RTE के तहत आयु अनुसार उचित कक्षा में सीधे प्रवेश लिया है तो भी 0 भरें।

20. **Medium of Instruction*(शिक्षण का माध्यम) (Hindi=04, Punjabi=13, Urdu=18, English=19):** स्कूल के भाषा के विषयों को छोड़कर अन्य अधिकतम विषयों को जिस भी भाषा में पढ़ाया जा रहा हो वह शिक्षण का माध्यम (Medium) है। शिक्षण की भाषा का उचित कोड भरें। (हिन्दी 04, पंजाबी 13, उर्दू 18, व अंग्रेजी 19)

21. **Type of Disability* (if any):**यदि विद्यार्थी किसी भी निःशक्तता (disability)से ग्रसित है तो उचित कोड लिखें। यदि निःशक्तता नहीं है तो लागू नहीं का कोड 0 भरें। पूर्ण दृष्टि बाधित (Blindness)–1,आंशिक दृष्टिबाधित (Low-vision)–2,मूक बधिर(Hearing)–3,वाणी दोष (Speech)–4,अस्थिबाधित (Loco motor)–5, मानसिक विकलांग(Mental Retardation)–6, अधिगम विकलांग (Learning disability) –7,सेरेब्रल पाल्सी (Cerebral Palsy)–8, आटिज़्म(Autism)–9,बहु विकलांग( Multiple disability)–10

22. **Facilities received by CWSN:** राजकीय व प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (CWSN) को किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई है तो उचित कोड लिखें। अधिकतम दो सुविधाएं लिखी जा सकती हैं, दो से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की स्थिति में कृप्या दो अति महत्वपूर्ण सुविधाओं को ही लिखें। ब्रेललिपि की पुस्तकें (Brail books)–1,ब्रेल किट (Brail kit)–2,अल्प दृष्टि संबंधी किट (Low vision kit)–3, श्रवण यंत्र (Hearing aid)–4, ब्रेस (Braces)–5, बैसाखी (Crutches)–6,व्हील चेयर (Wheel chair)–7, ट्राई साइकिल (Tri-cycle)–8,कैलीपर्स (Calipers)–9, अन्य (others)-10।

**23(a) से 23(f) व 24 गत वर्ष 2015–16 में बच्चों को प्राप्त सुविधांओं बारे केवल राजकीय स्कूल** (Govt. Schools) **ही भरें।**

23(a) **No. of uniform sets (None=0, One Set=1, Two Set=2, Partial=3):** बच्चे को स्कूल द्वारा एक सैट वर्दी दी है तो कोड–1 लिखें । यदि दो सैट वर्दी उपलब्ध करवाई गई है तो कोड –2, आंशिक रूप (Partial) वर्दी दी है तो कोड= 3, यदि वर्दी उपलब्ध ही नहीं करवाई गई है तो कोड –0 लिखें।

23(b) **Complete Set of free Text Books(NA=0, Yes=1, No=2):** निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का पूर्ण सैट प्राप्त हुआ है तो कोड 1 लिखें। यदि कुछ ही पुस्तकें प्राप्त हुई थी तो कोड –2 लिखें व कुछ भी न मिलने पर कोड 0 लिखें।

23(c) यदि CWSN बच्चों को स्कूल आने व जाने के लिए यात्रा भत्ता (Transport allowance) दिया जाता है। यदि हाँ = 1, नहीं = 2, कोड भरें। अन्य बच्चों के लिए लागू नहीं का कोड = 0 भरें।

23(d) **Free Escort facility (NA=0, Yes=1, No=2):**यदि CWSN बच्चा स्वंय स्कूल आने में अस्मर्थ है तो क्या इस प्रकार की परिस्थिति में अभिभावक/अन्य के द्वारा बच्चे को स्कूल में लाने व ले जाने का कार्य किया जाता है। इस कार्य हेतु विभाग द्वारा अनुरक्षण भत्ता (Escort allowance) दिया जा रहा है। यदि हाँ = 1, नहीं तो कोड न0 2 भरें। यदि इस प्रकार की सुविधा की आवश्यकता नहीं है/लागू नहीं है तो कोड 0 भरें।

23(e) **MDM Beneficiary(NA=0, Yes=1, No=2):** स्कूल में Mid-Day Meal (MDM) ग्रहण करने वाले बच्चों के लिए उचित कोड भरें। हाँ = 1, नहीं = 2, लागू न होने पर = 0 भरें।

**23(f) Free Hostel facility (मुफ्त छात्रावास)**: राजकीय स्कूलों (KGBV, आरोही मॉडल स्कूल, नवोदय विद्यालय इत्यादि) में बच्चों के लिए मुफ्त छात्रावास सुविधा उपलब्ध है। यदि हाँ तो छात्राास की प्रकार KGBV=1, Non KGBV (Government)=2, Girls Hostel=3, Others=4 or None=5 भरें। जिन राजकीय स्कूलों में मुफ्त छात्रावास सुविधा उपलब्ध नहीं है पर यह लागू नहीं है वे कोड NA = 0 भरें।

24. **Child Attended Special Training?(Not Applicable=0, Residential=1, Non-Residential=2):**Govt. Schools) RTE के तहत आयु के अनुसार कक्षा में सीधे प्रवेश लेने वाले बच्चों को उस कक्षा के स्तर तक ले जाने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिये जाने का प्रावधान है। यदि इस प्रकार का प्रशिक्षण बच्चों को दिया गया हैं तो उसका प्रकार भरें । आवासीय प्रशिक्षण = 1,गैर आवासीय प्रशिक्षण= 2,जिन बच्चों पर लागू नहीं है उनके लिए कोड 0 भरें।

25. **Whether the child is homeless (NA=0, With Parent/Guardian=1, Without adult protection=2):** बच्चा माता–पिता के साथ झुग्गी डाल कर रह रहा है (जैसे भवन–निर्माण स्थल के पास या अन्य खाली स्थान पर झुग्गी डाल कर रहना) माता–पिता के साथ रह रहा है तो कोड = 1,अकेला रह रहा है = 2, अन्य बच्चों के लिए लागू नहीं =0 कोड भरें।

26. **Appeared in the last examination 2015-16*(Yes=1, No=2):** क्या बच्चे ने गत वर्ष (2015-16) परीक्षा दी हां = 1, नहीं = 2

27. **Passed in the last examination 2015-16(Yes=1, No=2)*:** क्या गत वर्ष की परीक्षा में बच्चा उत्तीर्ण हुआ हां = 1, नहीं = 2

28. **% of Marks obtained (In the last examination 2015-16)*:** बच्चे की गत वर्ष की वार्षिक परीक्षा में प्राप्त अंकों का प्रतिशत भरें।

29. **Stream (For grades 11 & 12) (Not Applicable=0, Arts=1, Science=2, Commerce=3, Other=5):** कक्षा 11 व 12 में Arts =1, Science=2, Commerce =3,Other=5व लागू नहीं=0 की जानकारी दें।

30. **Trade / Sector of Vocational Education (For grades 9 to 12)*:** व्यवसायिक शिक्षा के तहत स्कूल में जो भी ट्रेड की शिक्षा कक्षा 9 से 12 के बच्चों की दी जा रही है, का उपयुक्त कोड भरें। **(Not Applicable=0,** Agriculture=61, Apparel=62, Automobile=63, Beauty & Wellness=64, Banking Finances Services (BFS)=65,Patient Care Assistant=68, IT-ITES=69, Media & Entertainment=72, Retail=74, Security=75, Physical education &Sports=76, Tourism & Hospitality=78, Banking & Insurance Services=79, Vision Technician=80).

31(a) to 31(c) **Tablets Received (for Govt. / Aided school):** राजकीय व सहायता प्राप्त स्कूल निम्न से उपयुक्त कोड भरें। अन्य स्कूल लागू नहीं का कोड 0 भरें।

31(a) **Iron & Folic Acid**: क्या राजकीय व सहायता प्राप्त स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2016 से 30 सितम्बर के मध्य Iron and Folic Acid की गोलियां बच्चों को दी है। यदि हां तो = 1 व नहीं = 2 लागू नहीं = 0 भरे।

31(b) **Deworming Tablets**: पेट के कीड़े मारने की दवाई(Deworming tables) फरवरी 2016 से 30 सितम्बर 2016 मध्य दी गई है। हाँ = 1,नहीं = 2,लागू न होने पर = 0 भरें।

31(c) **Vitamin-A supplement:** बच्चों को Vitamin-A supplement 1 अप्रैल से 30 सितम्बर 2016 के मध्य दी गई हैं हाँ =1,नहीं = 2,लागू न होने पर = 0 भरें।

32&33**Student's Bank Account Number & IFSC Code:**राजकीय स्कूलों में बच्चों के **Bank Account Number & IFSC Code** की जानकारी दें जिससे सभी Benefits/scholarship खाते में भेजी जा सके। बैंक Account से संबंधित जानकारी को ठीक से भरी जानी है। प्राईवेट स्कूलों के लिए यह आवश्यक नहीं है।

34&35**Mobile Number & Email Address (of student/parent/Guardian):** बच्चे/माता-पिता/अभिभावक का मोबाईल नम्बर व ई–मेल भरें। यदि अभिभावक यह जानकारी न देना चाहे तो खाली छोड़ दें।

**नोटः** प्रपत्र को भरने के बारे सभी दिशा–निर्देश विभाग की वैबसाइट www.hsspp.in पर दिये गये है। समस्या का समाधान न होने पर निदेशालय पंचकूला के टॉल फ्री न0 1800–1800–090, NUEPA Toll Free No. 1800–11–6200 पर सम्पर्क करें। आप हमें student.mis.hry@gmail.com पर मेल या **डा0 बालकिशन यादव** Consultant Planning से **0172-2586035 & 09315161202** पर सम्पर्क करें।

**डा0 बालकिशन यादव**
सलाहकार योजना
ह0स्कू0शि0प0प0, पंचकूला।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
पढ़े चलो, बढ़े चलो